पत्र सं0 :–26 / विविध–04–03 / 2024................................... /

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

**आदेश**

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर परिक्षेत्राधीन गंगा पम्प नहर प्रमंडल, शिवनारायणपुर के अन्तर्गत एकरारनामा संख्या–02एस0बी0डी0 / 2012–2013 के तहत शाखा नहर–II के वि0दू0 0.00 से वि0दू0 8.20 तक ब्रीक लाईनिंग कार्य का एकरारनामा संवेदक मेसर्स श्रीराम इन्टरप्राईजेज, श्रीराम टावर, नया बाजार, भागलपुर द्वारा सम्पादित किया गया।

उक्त कार्य की जांच विभागीय उड़नदस्ता द्वारा की गई, जांचोपरांत अधीक्षण अभियंता, उड़नदस्ता अंचल–02 के पत्रांक–30 दिनांक–06.11.2023 द्वारा जांच प्रतिवेदन समर्पित किया गया। उड़नदस्ता जांच प्रतिवेदन में संवेदक द्वारा गंगा पम्प नहर प्रमंडल, शिवनारायणपुर के शाखा नहर–II के वि0दू0 0.00 से वि0दू0 8.20 के बीच कराये गये ब्रीक लाईनिंग कार्य L-Section/IR-2012 में प्रावधानित नहर बेड लेबल से औसतन 0.627 मी0 ऊँचा पाया गया, जो त्रुटिपूर्ण है।

उक्त कदाचार के लिए विभागीय पत्रांक–2664 दिनांक–13.06.2025 द्वारा संवेदक मेसर्स श्रीराम इन्टरप्राईजेज, श्रीराम टावर, नया बाजार, भागलपुर से कारण पृच्छा की मांग की गयी। तदालोक में संवेदक के पत्रांक–SRE/2025-26/180 दिनांक–28.06.2025 द्वारा कारण पृच्छा प्रत्युत्तर समर्पित किया गया।

संवेदक से प्राप्त कारण पृच्छा प्रत्युत्तर पर मुख्य अभियंता, भागलपुर से प्रतिवेदन प्राप्त किया गया, जिसमे निम्न तथ्यो का उल्लेख किया गया है:–

- एकरारनामा SBD के Clause 07 के आलोक में कराये गये कार्य की मांपी लेकर विपत्र तैयार कर प्रमंडलीय कार्यालय में समर्पित करने की जिम्मेवारी संवेदक की है, जिसका उल्लेख संवेदक द्वारा कारण पृच्छा प्रत्युत्तर में नहीं किया गया है, साथ हीं संवेदक को स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप कार्य कराने का भी दायित्व है, जिसका अनुपालन नहीं किये जाने के कारण शाखा नहर–II के वि0दू0 0.00 से वि0दू0 8.20 तक ब्रीक लाईनिंग का कराये गये कार्य का संशोधित IR-2012 में प्रावधानित नहर बेड लेबल से औसतन 0.627 मी0 ऊँचा पाया गया, जो उड़नदस्ता जाँच के प्रतिवेदन में अंकित है। उक्त से स्पष्ट है कि कराये गये कार्य के त्रुटिपूर्ण रहने की जानकारी संवेदक को पूर्व से हीं थी, इसके बावजूद उनके द्वारा दायित्वों का निर्वहन जानबूझ नहीं किया गया।
- नहर का निर्माण निर्धारित कमांड क्षेत्र में शत–प्रतिशत पटवन के उद्देश्य से किया जाता है, लेकिन नहर बेड में त्रुटि होने के कारण रूपांकित जलश्राव प्रवाहित नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण सिंचाई क्षमता के अनुरूप उपलब्धि नहीं हो पा रहा है। यह संवेदक द्वारा त्रुटिपूर्ण कार्य कराये जाने के कारण हुआ, जिसके लिए संवेदक पूर्ण रूप से जिम्मेवार है।

मुख्य अभियंता, भागलपुर से प्राप्त प्रतिवेदन एवं संवेदक द्वारा समर्पित कारण पृच्छा प्रत्युत्तर के समीक्षोपरांत पाया गया कि संवेदक द्वारा कराये गये त्रुटिपूर्ण कार्य बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के नियम 11(क) (ii) में उल्लेखित (एकरारनामा एवं विहित विनिर्देश के अनुसार कार्य निष्पादन में चूक) कदाचार की श्रेणी में आता है।

उक्त कदाचार के लिए विभागीय आदेश सं0–380 दिनांक–03.05.2017 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत संवेदक मेसर्स श्रीराम इन्टरप्राईजेज, श्रीराम टावर, 2nd फ्लोर MPD रोड नया बाजार, भागलपुर (निबंधन सं0–WRD050225C1PF24169249, श्रेणी–प्रथम) को 5 वर्षों के लिए कालीसूची में डाला जाता है।

ह0 / –

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

ज्ञापांक :– 26 / विविध–04–03 / 2024 पटना / दिनांक :..........................................

प्रतिलिपि :– मेसर्स श्रीराम इन्टरप्राईजेज, एम0डी0–श्री रौशन कुमार अग्रवाल, श्रीराम टावर, 2nd फ्लोर MPD रोड नया बाजार, भागलपुर, पिन कोड–812002 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

ज्ञापांकः– 26 / विविध–04–03 / 2024 पटना, दिनांक :..........................................

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, जल संसाधन विभाग / पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–04–03 / 2024 पटना, दिनांक :..........................................

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना / सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग / सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग / अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0, अंचल, पटना / अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0, अंचल–2,3,4, पटना / निदेशक, क्रय भंडार एवं सामाग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26 / विविध–04–03 / 2024 6665 पटना, दिनांक :5/12/25..........................................

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

04/12/25

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।